# अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान की उप-महानिदेशक ने छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन को सराहा

## चर्चा में क्यों?

1 जुलाई, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में लघु धान्य फसलों (कोदो-कुटकी, रागी) के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये संचालित 'छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन' के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की सराहना अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान मनीला की उप-महानिदेशक (फसल) तथा प्रख्यात कृषि एवं पोषण विशेषज्ञ जोआना केन पोटाका ने की है।

## प्रमुख बिंदु

- सुश्री पोटाका ने छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन के तहत लघु धान्य फसलों के बीज उत्पादन कार्यक्रम तथा किसानों तक बीज वितरण प्रणाली, कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता के द्वारा मिलेट प्रोसेसिंग केंद्रों की स्थापना, राज्य सरकार द्वारा किसानों से कोदो, कुटकी, रागी आदि लघु धान्य फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी, मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में पौष्टिकता के मद्देनजर लघु धान्य फसलों का समावेश तथा महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से विभिन्न ज़िलों में मिलेट कैफे की स्थापना एवं संचालन की तारीफ की है।
- सुश्री पोटाका ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के साथ साउथ अफ्रीकन देश घाना में विगत दिनों आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय हाई इम्पैक्ट राईस ब्रीडिंग कार्यशाला' के दौरान हुई मुलाकात का फोटो शेयर करते हुए इस बारे में ट्वीट किया है। गौरतलब है कि सुश्री पोटाका स्मार्ट फूड कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक भी हैं।
- उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विगत दिनों घाना के कुमासी शहर में आयोजित 'धान प्रजनन कार्यक्रम के आधुनिकीकरण' पर आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ के रूप में सम्मिलित हुए थे।
- डॉ. चंदेल ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में संचालित छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन के तहत लघु धान्य फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु किये जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी थी।
- डॉ. चंदेल ने मिलेट मिशन के तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में लघु धान्य फसलों पर किये जा रहे अनुसंधान कार्य तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से स्थापित मिलेट प्रोसेसिंग सेंटर तथा मिलेट कैफे के बारे में भी जानकारी दी थी।
- उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में विभिन्न देशों से आए कृषि वैज्ञानिकों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में धान प्रजनन कार्यक्रम के आधुनिकीकरण की दिशा में किये जा रहे अनुसंधान कार्यों के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

Tweet

**Joanna Kane-Potaka**
@JoannaKP

Much to learn from Chhattisgarh Millet Mission:
-Seed system in place & distribution to farmers
-Primary processing setup in communities (thru KVKs)
-Millets in govt schemes: min support price, procuement, school feeding
-Millet cafes setup-outlets for products of womans groups.



Tweet your reply

The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/deputy-director-general-of-international-rice-research-institute-praised-chhattisgarh-millet-mission